





नवभारत
भोपाल, बुधवार, 29 जुलाई, 2026


**एक नजर में**



## अनियमितताओं को रोकने मेडिकल दुकानों का निरीक्षण

**सीहोर.** नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार मेडिकलों से विक्रय होने वाली दवाओं एवं मेडिकल दुकानों पर अनियमितताओं की रोकथाम के उद्देश्य से निरीक्षण दल द्वारा आरके मेडिकल, भदोरिया मेडिकल, श्री राधे मेडिकल, शिव शंकर मेडिकल और पालीवाल मेडिकल का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान जांच दल द्वारा मेडिकल दुकानों में साफ सफाई, दवाओं के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड, एक्सपायर्ड दवाओं का रख-रखाव तथा प्रतिबंधित दवाओं के विक्रय आदि की जांच की गई और दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए.




## नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत दिया व्याख्यान

**सीहोर.** पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 70 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की. प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा जागरूक युवा ही नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं.




## जिला जेल में शिविर लगाकर की गई हेपेटाइटिस की जांच

**सीहोर.** विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जेल में विशेष हेपेटाइटिस जांच शिविर आयोजित कर बंदियों की हेपेटाइटिस-बी एवं सी की जांच की गई. इसके साथ ही वायरल लोड जांच के लिए रक्त नमूने परीक्षण केंद्र भेजे गए तथा उपचार बीच में छोड़ चुके मरीजों की पहचान कर उन्हें पुनः उपचार शुरू कराने के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ रुचिरा उईके सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित थी.



## शिविर लगाकर किया गया 1260 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है. इसी क्रम में जिले में 28 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 889 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 371 बच्चों का टीकाकरण किया गया. इसके साथ ही 170 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.



## 83 आवेदकों ने प्रशासन को सुनाईं अपनी समस्याएं

**सीहोर.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई. जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 83 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए.

## 20 अगस्त तक चलेगा मैं भी स्वदेशी समर्थक अभियान

**सीहोर.** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत 1 अगस्त से 20 अगस्त तक मैं भी स्वदेशी समर्थक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा. अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में स्वदेशी के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करना है. अरुषेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभियान की राष्ट्रीय कार्ययोजना बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई थी, जिसमें उन्होंने सहभागिता की. मंच के नगर संयोजक प्रदीप राठौर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 1 से 20 अगस्त तक जिले के महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर स्वदेशी के महत्व को लेकर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. कार्ययोजना बैठक में क्षेत्र विचार प्रमुख अरुषेन्द्र शर्मा, नगर संयोजक प्रदीप राठौर, संपर्क प्रमुख भारत सिंह सिसोदिया, सतेन्द्र राठौर, प्रद्युम्न सिंह सिसोदिया, प्रदीप नागिया, यश गिरोठिया उपस्थित रहे.

# कलेक्ट्रेट तक पहुंची लोड शेडिंग की आंच

### मंगलवार को कई गांवों के किसानों ने कलेक्ट्रेट में प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कटौती बंद करने की मांग



**सीहोर.** क्षेत्र में लोड शेडिंग के दौरान की जा रही कटौती के विरोध में जिला व ब्लॉक कांग्रेस द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई. जिले में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है. मंगलवार को ग्राम सेमरादांगी के किसान और ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार और बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत देने की मांग की. ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो चरणबद्ध उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा.**

- **जिले में नहीं थम रहा लोड शेडिंग के नाम कटौती का क्रम**
- **बीती रात खजूरिया बंगला व कई गांवों में हुआ प्रदर्शन**

जिले में इन दिनों लोड शेडिंग की आड़ में बिजली कटौती का खेल जारी है. भीषण गर्मी व उमस में बिजली नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. बीती रात ग्राम खजूरिया बंगला, ढाबला और गुड़भेला में ग्रामीणों की भीड़ सड़कों पर उतर आई और उन्होंने सड़कों पर जाम के हालात निर्मित कर दिए.

इसी तरह मंगलवार को ग्राम सेमरादांगी के किसान एवं ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और अघोषित बिजली कटौती के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में रातभर बिजली बंद रहने से आमजन का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है. उमस और भीषण गर्मी के बीच कूलर और पंखे बंद रहने से बच्चों, बुजुर्गों तथा महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं.

ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार करने और बढ़े हुए बिजली बिलों में राहत देने की मांग की. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो किसानों और ग्रामीणों को उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा. इस दौरान विनय सिंह दांगी, पूर्व सरपंच मदनलाल दांगी, नेपाल सिंह, गोपाल, हरी सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

बिजली संकट को लेकर बढ़ते जनाक्रोश के बीच ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर भी नाराजगी जताई. उनका कहना है कि बिजली जैसी गंभीर समस्या पर अब तक किसी जनप्रतिनिधि की ओर से प्रभावी पहल नहीं की गई है, जिससे लोगों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है.

जिले में लगातार दूसरे दिन भी लोड शेडिंग के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहे. सोमवार के बाद मंगलवार को भी श्यामपुर रोड स्थित खजुरिया बंगला, ढाबला और गुड़भैला सहित कई गांवों में ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किया. इधर कांग्रेस ने भी लोड शेडिंग सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा.

बुधवार को भी जिले के कई गांवों के ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे. ग्रामीणों का कहना है कि लोड शेडिंग के नाम पर की जा रही बिजली कटौती बंद की जाए, अन्यथा आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा.

### कांग्रेस ने भी कटौती व अन्य मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को अध्यक्ष राजीव गुजराती एवं शहर अध्यक्ष घनश्याम यादव के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, गांधी पार्क में प्रस्तावित सुलभ कॉम्प्लेक्स निर्माण कार्य निरस्त करने तथा पिछले कई महीनों से लंबित वृद्धावस्था पेंशन का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की गई. कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली कटौती की जा रही है, जिससे किसानों की सिंचाई, विद्यार्थियों की पढ़ाई और आम नागरिकों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है. विभिन्न प्रकार के सरचार्ज जोड़कर उपभोक्ताओं पर महंगे बिजली बिलों का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है. ज्ञापन में गांधी पार्क पार्क के भीतर सुलभ कॉम्प्लेक्स का निर्माण होने का भी विरोध किया. इस अवसर पर प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, रमेश गुप्ता, नरेन्द्र खंगराले, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, हसीन कुरैशी, इरफान लाला, तारा यादव, केके रिछारिया, तुलसी राठौर, संतोष मालवीय, पियूश मालवीय आदि उपस्थित थे.

## मृगननाथ पहाड़ी पर आवाजाही पर रोक



**बुधनी.** विंध्याचल पर्वत पर बाबा मृगननाथ की पहाड़ी के खतरनाक मुहाने पर बाइक से स्टंट करने का वीडियो वायरल होने के मामले में नवभारत द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशित कर ऐसे जानलेवा स्टंट पर रोक लगाने और जिम्मेदार कार्रवाई की आवश्यकता उठाई गई थी. खबर के प्रकाशन के बाद वन विभाग हरकत में आया है. एसडीओ आरके चौधरी ने रेंजर राजित द्विवेदी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए. विंध्याचल पर्वत स्थित बाबा मृगननाथ के पहाड़ी क्षेत्र में आम लोगों के घूमने-फिरने पर फिलहाल प्रतिबंध लगा दिया गया है. वन विभाग ने तालपुरा रोड़ से पहाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर नाका स्थापित कर दिया है. साथ ही वहां वन विभाग के कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है. गौरतलब है कि हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में एक युवक बाइक लेकर मृगननाथ पहाड़ी के खाई वाले मुहाने तक पहुंच गया था. यह वीडियो सामने आने के बाद लोगों ने पर्यटन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और ऐसे खतरनाक स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी.

## एकतरफा मुकाबले में इंदौर रहा विजयी

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में जारी राज्य स्तरीय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन एक मात्र खेला गया. इसमें इंदौर टीम ने एक तरफा मुकाबले में रतलाम को 4-1 से हराया.

इस मौके पर इंदौर फुटबाल एसोसिएशन के सचिव नीरज शर्मा, सीनियर खिलाड़ी अरुण राठौर, एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया, मनोज दीक्षित मामा, राजेश शाक्य, डॉ. सपन कुमार विश्वास, महेश कुमार, आयुष गुप्ता आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. मंगलवार को दोपहर में रिमझिम बारिश के मध्य इंदौर-रतलाम के मध्य शानदार मैच देखने को मिला. पहले हाफ तक दोनों ही टीम ने कई गोल करने के प्रयास किए, लेकिन खेल के अंतिम समय में इंदौर के खिलाडी अर्नव, आयुष, प्रियांशु और श्रेय ने 1-1 गोल किए. इस प्रकार इंदौर ने रतलाम को 4-1 से हराया। इस मैच में रतलाम की ओर से 1 मात्र गोल आदिराज सिंह ने किया. बुधवार को दोपहर 1 बजे पहला मुकाबला शिवपुरी-नर्मदापुरम और ढाई बजे दूसरा मुकाबला सीहोर-भोपाल के मध्य खेला जाएगा.

## संत रविदास के मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं

- **संत शिरोमणि रविदास जयंती पर हुई भाजपा की कार्यशाला**
- **भाजपा चलाएगी समरसता संकल्प अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** भाजपा जिला कार्यालय में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया.

कार्यशाला में भाजपा जिला प्रभारी विकास विरानी, जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, तारा कटारिया, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत, धारा सिंह पटेल, आनन्द पटेल, जिला मंत्री दिनेश मेवाड़ा, कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष कैलाश बगाना, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर 29 जुलाई 2026 से 20 फरवरी 2027 तक राष्ट्रव्यापी श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से संत रविदास जी के समता, भक्ति, सेवा, सामाजिक न्याय एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा.




## पहल ! सीवन तट पर रखा पूजन सामग्री विसर्जन पात्र

- **सीवन पुत्र टीम की पहल पर रखा गया विसर्जन पात्र**
- **अब घाट पर पूजन सामग्री से नहीं फैलेगी गंदगी**

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** सीवन नदी के महिला घाट पर अब पूजन सामग्री इधर-उधर फेंके जाने से होने वाली गंदगी पर रोक लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है. महिला घाट पर पूजन सामग्री विसर्जन हेतु एक विशेष विसर्जन पात्र स्थापित किया गया. इस पात्र में पूजन सामग्री सुरक्षित रखी जा सकती है. यह विसर्जन पात्र स्वर्गीय सुदर्शन कुमार महाजन एडवोकेट की स्मृति में उनके पुत्र सन्नी महाजन द्वारा समर्पित किया गया.

सीवन पुत्र टीम ने बताया कि इस पात्र में एकत्र होने वाली पूजन सामग्री को समय-समय पर सुरक्षित रूप से खाली कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया जाएगा. जिससे घाट परिसर स्वच्छ बना रहेगा और पूजन सामग्री जल स्त्रोतों में प्रवाहित होने से भी बचाई जा सकेगी.




## जगद्गुरु पुरोहित आज देंगे शिष्यों को दीक्षा

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** गुरु पूर्णिमा पर चाणक्यपुरी स्थित श्री अयोध्यानाथ मंदिर गुरुदेव के निज निवास पर जगतगुरु पंडित अजय पुरोहित के सान्निध्य में भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर जिले सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

प्रातः 11 बजे से गुरु चरण वंदन एवं पूजन का कार्यक्रम होगा. इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से गुरु सत्संग, भजन एवं चालीसा पाठ आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन से जुड़े प्रेरणादायी संदेश प्रदान किए जाएंगे. इसके बाद दोपहर 12.30 बजे से महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा. आयोजन के दौरान देशभर से पहुंचे श्रद्धालु अपने पूज्य गुरुदेव का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करने का महापर्व है.

## साईंनाथ बाबा की भव्य पालकी यात्रा आज

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** नगर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बुधवार को देखने को मिलेगा, जब साईंनाथ सेवा संस्थान समिति के तत्वावधान में साईंनाथ बाबा की भव्य पालकी रथ यात्रा निकाली जाएगी.

यह यात्रा साईंनाथ मंदिर, गंज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में संपन्न होगी. आयोजन के तहत प्रातःकाल साईंनाथ मंदिर में बाबा का विधि-विधान से अभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा. सायं 4 बजे भव्य पालकी रथयात्रा का शुभारंभ होगा. समिति संस्थापक ब्रजमोहन सोनी, अध्यक्ष लोकेन्द्र वर्मा, युवा अध्यक्ष तनिष्क सोनी आदि ने पालकी यात्रा में शामिल होने की अपील की है.

## प्रभु प्रेमी संघ ने किया कृष्णा मां की शोभायात्रा का स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 28 जुलाई.** कृष्णा मां के सानिध्य में स्थापित आश्रम में पंच दिवसीय श्री गुरुपूर्णिमा अमृत महोत्सव का आयोजन चल रहा है, भक्तों ने आज कृष्णा मां की शोभायात्रा निकाली.

प्रभु प्रेमी संघ ने रथ पर विराजमान कृष्णा माता का स्वागत संयोजक पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार महासचिव प्रदीप प्रगति द्वारा त्याग के प्रतीक भगवा रंग की शाल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया. इस अवसर पर संघ के वरिष्ठजन राजेन्द्र चौरसिया, पत्रकार नरेन्द्र गंगवाल, राज परमार, शुभम शर्मा, पल्लव प्रगति एडवोकेट सहित प्रभु प्रेमी संघ के सभी साथियों ने कृष्णा मां का आशीर्वाद प्राप्त किया.



**धार्मिक** ▶ **कुबेरेश्वर धाम पर आज होगा गुरु दीक्षा महोत्सव, लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**

# शिव महापुराण के समापन पर भावुक हुए लाखों श्रद्धालुजन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 28 जुलाई.** जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम में आयोजित पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा के समापन के बाद बुधवार को गुरु दीक्षा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा. महोत्सव के अंतिम चरण में देशभर से श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंच चुके हैं.

श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण हाईवे सहित धाम की ओर जाने वाले मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं और यातायात धीमी गति से चलता रहा. पांच दिनों तक शिवभक्ति और सत्संग में डूबे श्रद्धालु जब कथा स्थल से लौटे तो वातावरण भावुक हो गया. अनेक श्रद्धालु कथा पंडाल की पवित्र रज मिट्टी को अपने माथे से लगाते हुए उसे अपने साथ ले जाते नजर आए. कई श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और वे एक-दूसरे से कहते दिखाई दिए फिर लौटकर आएंगे कुबेरेश्वरधाम. धाम परिसर में लगाए गए भावनात्मक संदेशों और पोस्टरों ने भी श्रद्धालुओं के हृदय को स्पर्श किया तथा विदाई के क्षणों को भावुक बना दिया.

पांडाल में भावनाओं का सैलाब भी साफ दिखा. हाथों में पोस्टर लिए श्रद्धालु लिख कर मन की भावनाएं व्यक्त कर रहे थे, कई लोग आंखों में आंसू लिए नजर आए. कथा समाप्त होते ही कुबेरेश्वरधाम के आस-पास और हाईवे पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी. बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन श्रद्धालुओं से भर गए. रात तक लोग अपने-अपने गंतव्य के लिए साधनों का इंतजार करते रहे, इसके अलावा वहीं लाखों की संख्या में आने-जाने वालों का क्रम देर तक चलता रहा. बुधवार को गुरु दीक्षा का एक दिवसीय कार्यक्रम भी है। इसलिए भी धाम पर आने का सिलसिला जारी है. बुधवार को प्रातः 9 बजे से गुरु दर्शन एवं गुरु दीक्षा महोत्सव का शुभारंभ होगा. इस दौरान पूज्य गुरुदेव पं. मिश्रा श्रद्धालुओं को सत्संग का लाभ भी देंगे.



## आश्रम में मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**सीहोर.** गुरु पूर्णिमा महोत्सव संत आसाराम बापू गणेश मंदिर रोड स्थित आश्रम में पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा. संत आसाराम बापू के साधक साधिकाओं और आश्रम के सेवादारों श्रद्धालुओं ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी हैं. योग वेदांत सेवा समिति संरक्षक सुदर्शन राय समिति अध्यक्ष केके विश्वकर्मा ने बताया कि गुरू-पूर्णिमा महोत्सव उपलक्ष में बुधवार, 29 जुलाई सुबह 11 बजे मानस पूजन कार्यक्रम होगा बाद में संगीतमय आशारामायण पाठ किया जाएगा. सत्संग व कीर्तन महाआरती के विशाल भण्डारा भी आयोजित होगा.